<u>जनपद बाराबंकी</u>

थाना- फतेहपुर

दिनांक- 08.02.2025

थाना फतेहपुर क्षेत्रान्तर्गत मोटर साइकिल लूट से सम्बन्धित एवं पूर्व से 25,000/-रुपये का इनामिया अभियुक्त को मुठभेड़ में किया गया गिरफ्तार-

जनपद बाराबंकी में चोरी/लूट की घटनाओं पर अंकुश लगाने एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत दिनांक 07.02.2025 को स्वाट/सर्विलांस तथा प्रभारी निरीक्षक फतेहपुर मय हमराह पुलिस बल के साथ तलाश वांछित/चेकिंग की जा रही थी कि सूचना मिली कि 25,000/-रुपये का इनामिया बदमाश मोटर साइकिल से कस्बा फतेहपुर से रामनगर की तरफ जा रहा है जिसको पुलिस टीम द्वारा रोकने का प्रयास किया गया परन्तु बदमाश वाहन की गति तेज कर साढ़ेमऊ नहर पटरी की तरफ मुड़कर भागने लगा। पुलिस टीम द्वारा पीछा करते हुए रुकने को कहा गया तो गिरफ्तारी से बचने हेतु बदमाश द्वारा पुलिस टीम पर फायरिंग की गई । पुलिस टीम द्वारा की गई आत्मरक्षार्थ फायरिंग से बदमाश के पैर में गोली लगने से वह घायल हो गया। घायल अभियुक्त सुरेन्द्र कुमार पुत्र चन्द्रशेखर निवासी नांदकुई थाना फतेहपुर जनपद बाराबंकी को गिरफ्तार कर उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से एक अदद अवैध तमंचा .315 बोर मय एक खोखा व जिन्दा कारतूस .315 बोर व एक अदद स्पेलण्डर बरामद किया गया। आरम्भिक जांच से ज्ञात हुआ है कि बरामद मोटर साइकिल स्प्लेण्डर अभियुक्त द्वारा दिनांक 09.01.2025 को थाना फतेहपुर क्षेत्रान्तर्गत जरखा नहर पटरी के पास हरीश कुमार पुत्र घूरू निवासी मिश्रीपुर थाना महगंवा जनपद लखनऊ से लूटकर भाग गया था जिस सम्बन्ध में थाना फतेहपुर पर मु0अ0सं0 17/2025 धारा 309(6) बीएनएस पंजीकृत है। अभियुक्त सुरेन्द्र कुमार उपरोक्त दिनांक 05.02.2025 को थाना कोतवाली नगर क्षेत्रान्तर्गत हुई कार लूट की घटना के सम्बन्ध में पंजीकृत मु0अ0सं0 128/2025 धारा 309/351 बीएनएस में वांछित था। अभियुक्त द्वारा थाना जहांगीराबाद क्षेत्रान्तर्गत मोबाइल लूट के सम्बन्ध में पंजीकृत मु0अ0सं0 10/2025 धारा 304 बीएनएस में पुलिस अधीक्षक बाराबंकी द्वारा 25,000/- रुपये का पुरस्कार घोषित गया था।

<u>नामपता घायल/गिरफ्तार अभियुक्तः-</u>

सुरेन्द्र कुमार पुत्र चन्द्रशेखर निवासी नांदकुई थाना फतेहपुर जनपद बाराबंकी

<u>बरामदगी-</u>

1. एक अदद अवैध तमंचा .315 बोर
2. एक खोखा व जिन्दा कारतूस .315 बोर
3. एक अदद स्पेलण्डर मोटर साइकिल

<u>आपराधिक इतिहास-</u>

1. मु0अ0सं0 227/219 धारा 323/427/504/506 भादवि थाना फतेहपुर जनपद बाराबंकी।
2. मु0अ0सं0 17/2025 धारा 309(6) बीएनएस थाना फतेहपुर जनपद बाराबंकी।
3. मु0अ0सं0 128/2025 धारा 309/351 बीएनएस थाना कोतवाली नगर जनपद बाराबंकी।
4. मु0अ0सं0 10/2025 धारा 304 बीएनएस थाना जहांगीराबाद जनपद बाराबंकी।